राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (दिल्ली केंद्र)

संख्या : रा ई सू प्रौ सा/एनडीएल/480-1/2013 दिनांक 01 मई 2017

परिपत्र

विषय : राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत पर अनुवर्ती कार्यवाही

संस्थान की दिनांक 17 मार्च 2017 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि दिल्ली केंद्र से एक तिमाही हिन्दी न्यूज़ लैटर "हिन्दी वाणी" निकाला जाए। इसमें तिमाही के दौरान संस्थान की गतिविधियों एवं राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन की उपलब्धियों की जानकारी का समावेश होगा । इसके अतिरिक्त इसमें संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में लिखी गई कविताओं/गीतो/ लघु कहानियो/ हास्य/व्यंग्य रचनाओ को भी स्थान दिया जाएगा ।

इसी संदर्भ में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो से अनुरोध है कि अपनी मूल **रचना दिनांक 31 मई 2017 तक** हिन्दी अनुभाग को अवश्य भिजवा दें । कृपया सुनिश्चित करें कि **रचना 100 शब्दों** से अधिक की न हो । कृपया रचना सॉफ्ट कापी तथा हार्ड कापी दोनों रूप में दें । हार्ड कापी पर इस आशय की एक पंक्ति अवश्य लिखें कि यह आपकी मौलिक रचना है तथा इस पर अपने हस्ताक्षर करें । इसके अतिरिक्त अपने अनुभाग से संबन्धित गतिविधियो का **व्योरा 30 जून तक** उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

उल्लेखनीय है कि हिन्दी वाणी का पहला अंक, अप्रैल से जून की तिमाही अवधि का होगा तथा जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में उपलब्ध हो सकेगा । इसे वेब साइट / ई मेल द्वारा प्रकाशित किया जाएगा ।

(भारत भूषण दुआ)
संयुक्त निदेशक (तकनीकी)

प्रति : सभी अनुभाग एवं सभी अधिकारी / कर्मचारी

निदेशक, दिल्ली केंद्र